K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR
ASSESSMENT-V
2022-2023

STD: III | **MARKS:-40**
SUB: HINDI. | **TIME:-2HRS**

प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

नैन्सी अपने भाई रॉबर्ट के लिए राखी बना रही थी। रक्षाबंधन के त्योहार में बस एक ही दिन बचा था। वह सारा दिन बैठकर राखी बनाती रही।रॉबर्ट बहुत परेशान था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह नैन्सी को क्या उपहार दे। उसे नींद नहीं आ रही थी। तभी अचानक खिड़की के पास तेज़ रोशनी फैल गई।उसने देखा कि वहाँ एक परी खड़ी थी। परी ने कहा," क्या बात है रॉबर्ट ?"रॉबर्ट ने उस परी को अपनी परेशानी बताई। परी ने अपने जादू की छड़ी घुमाई और रॉबर्ट को एक सुंदर -सी सफेद फ्रॉक दी। लेकिन रॉबर्ट ने फ्रॉक को लेने से मना कर दिया।

क) दिए गए अंग्रेजी शब्दों के हिंदी में अर्थ लिखें। **(२अंक)**

१)Suddenly= २) proud=

ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो। **(२अंक)**

१) रक्षाबंधन का ________ था।

२) रॉबर्ट को_______ नहीं आ रही थी।

ग) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१अंक)**

१) नैन्सी अपने भाई के लिए क्या बना रही थी?

घ) स्व -अध्ययन पर प्रश्न **(२अंक)**

१) आपके विचार से अपने देश की विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न २-क) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४अंक)**

१)रोशनी= २)मुस्कुराकर=

ख) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(४अंक)**

१) जंगल में सब ने मिलकर क्या किया?

२) मेरे देश का संसार कैसा है?

३) हाथी चींटी को क्या कहने वाला था?

४) रॉबर्ट ने किन पैसों से उपहार खरीदा?

ग) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीर्घ में लिखिए। **(४अंक)**

१) रॉबर्ट ने परी से उपहार लेने को क्यों मना कर दिया?

२) जंगल के साथ ही क्यों पछताते रह गए?

अपठित गद्यांश

प्रश्न ३-निम्नालिखित अपठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

मोर एक सुंदर पक्षी है ।इसे पक्षियों का राजा भी कहते हैं। इसलिए भारत सरकार ने मोर को राष्ट्रीय पक्षी माना है। मोर का शरीर दूसरे पक्षियों से भारी होता है इसीलिए मोर आकाश में।ऊँचा नहीं उड़ सकता है।मोर की गरदन लंबी होती है और आँखें छोटी- छोटी होती हैं। इसके सिर पर सुंदर सी कलगी होती है। मोर के पंखों पर आधे चाँद का निशान होता है, लेकिन मोर के पैर बहुत ही भद्दे होते हैं। मोर कीड़े मकोड़े और दाना खाता है। मोर का नृत्य बड़ा ही मनमोहक होता है।मोर बादल को देखकर ही थिरकने लगता है और बारिश होने पर मन को मोहन ने वाला नृत्य करने लगता है।

Scanned with OKEN Scanner

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो। (२अंक)

१) मोर एक _____ पक्षी है।

२) मोर _____ नहीं उड़ सकता है

ख) सही या गलत लिखिए। (२अंक)

१) मोर के पैर बहुत ही भद्दे होते हैं।

२) मोर बारिश होने पर नाचता है।

ग) दिए गए प्रश्न के एक वाक्य में उत्तर लिखिए । (२अंक)

१) मोर की गरदन कैसी होती हैं?

२) मोर क्या खाता है?

व्याकरण

प्रश्न ४-क) दिए गए वाक्य में से विशेषण पहचानिए। (३अंक)

१) सचिन अच्छा खिलाड़ी है।

२) मेरी पैंसिल बड़ी है।

३) यह पहाड़ बहुत ऊँचा है।

ख) चित्र को देखें और सही शब्द छाँटकर खाली जगह भरिए। (३अंक)

(खुश, घना, मीठा)

१) पेड़_______है। **२) बच्चे_________है।** **३) केक _______है।**

ग) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (२अंक)

१) झूठ× २) अमीर×

घ) दिए गए अंकों को हिंदी शब्द में लिखिए। (२अंक)

१) ६- २) १४-

प्रश्न ५) दिए गए पत्रलेखन या कहानीलेखन में से पत्र अथवा कहानी लिखिए। (५अंक)

१) विवाह में जाने के लिए प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना -पत्र।

अथवा

१) दिए गए चित्र को देखकर कहानी लेखन लिखिए।(शीर्षक और सीख आवश्यक)

****

Scanned with OKEN Scanner